मिलता रहे तेरा प्यार साँवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे,
एक बार नहीं हर बार सांवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे।।

तर्ज पलकों का घर तैयार।

जब से मैंने होश संभाला,
सबने ये बतलाया,
जब भी पड़ी मुसीबत कोई,
रस्ता तेरा दिखाया,
तू अपनो की करता संभाल सांवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे।।

अब तो बाबा तुम से विनती,
अपना मुझे बना ले,
मान के अपना छोटा बालक,
अपने गले लगा ले,
अब कह दे मुझे भी तू लाल सांवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे।।

सुना है जो भी दर पे आता,
वो तेरा हो जाता,
मान कर अपनी जिम्मेदारी,

हरदम साथ निभाता,
करता उसको सुना है निहाल सांवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे।।

अर्जी विपिन की तुमसे बाबा,
बस इतना है कहना,
हर ग्यारस खाटू में दर्शन,
मुझको देते रहना,
बस कर दे तू इतना कमाल सांवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे।।

मिलता रहे तेरा प्यार साँवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे,
एक बार नहीं हर बार सांवरे,
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे।।

गायक विपिन अग्रवाल।

Source: https://www.bharattemples.com/milta-rahe-tera-pyar-saware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw